अर्थग्रहण लेखन कार्य

नीचे दिए गए पक्षियों के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़िए। कक्षा में चार-चार के समूह में दो पक्षियों के बारे में भाषण कौशल कार्य (17-02-20 or 18-02-20) करवाया जाएगा। 'हुदहुद' पक्षी के बारे में वाचन अनिवार्य है।

(क) हुदहुद

हुदहुद का सारा शरीर रंग-बिरंगा और चटकीला होता है। पंख काले होते हैं उस पर सफ़ेद धारियाँ होती हैं। हुदहुद की गर्दन और कलगी बादामी रंग की होती है मगर कलगी के सिरे में काली-सफ़ेद धारियाँ बनी होती है। दुम का भीतरी हिस्सा सफ़ेद व बाहरी हिस्सा काला होता है। इसकी चोंच पतली लंबी व तीखी होती है।

(ख) कौआ

1. कौवे का रंग काला, आकार बड़ा, काँव-काँव करके बोलता है, चोंच काली व लंबी होती है।
2. कौआ को पर्यावरण का सफाई कर्मी भी कहते है क्योंकि यह गन्दगी को खाकर पर्यावरण को साफ करता है। कौआ मरे हुए जानवर का मांस भी खाता है।
3. कौवे के दो पैर होते है जिसके पँजे बहुत मजबूत होते है जो पेड़ो की टहनियों को आसानी से पकड़ लेते है। कौआ के पंख उसकी उड़ने में सहायता करते है और इसकी एक मजबूत चोंच भी होती है।
4. कौआ झुंड में पाया जाता है और इसको जब भी खतरा महसूस होता है वो काँव काँव करने लग जाता है
5. कौआ एक बुद्धिमान पक्षी होता है। कौआ को चोर पक्षी भी कहते है क्योंकि यह चुपके से किसी के भी यहां से खाने की चीजें उठा ले आते है। यहां तक कि खाने की थाली से रोटी भी छीन कर भाग जाता है।

(ग) कबूतर

1. कबूतर एक सुंदर पक्षी है जो पूरी दुनिया मे पाया जाता है।
2. इस पक्षी के भी चोंच होती है और दो पंख होते है जो उड़ने में सहायक होते है। कबूतर की उड़ने की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घण्टा होती है।
3. कबूतर के एक छोटा सिर होता है और इस सिर और चोंच के बीच त्वचा की झिल्ली होती है। कबूतर के दो छोटे पैर होते है जो ऊंचे तारो और पेड़ो कि डालियों पर पकड़ बनाने में मददगार होते है।

4. कबूतर पक्षी का मुख्य भोजन अनाज, फल, दालें और बीज होते है।

5. भारत के कबूतर सफेद और स्लेटी रंग के होते है।

6. कबूतर को शान्ति का प्रतीक कहा जाता है क्योंकि यह एक शांत स्वभाव का प्राणी होता है।

[Time: 15 minutes MI: Verbal,Visual RBT: Application]